भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2849
18 मार्च, 2025 को उत्तर के लिए

मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड का योगदान

2849. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
डॉ. विनोद कुमार बिंद:
श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आत्मनिर्भर भारत के लिए सरकार के दृष्टिकोण में मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) द्वारा इस्पात क्षेत्र में दिये गए योगदान का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एमओआईएल आने वाले वर्षों में खान श्रमिकों के कल्याण और कार्य स्थितियों में सुधार लाने की योजना बना रहा है; और

(ग) क्या समारोह के दौरान किसी नई पहल या परियोजना की घोषणा की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, मॉयल लिमिटेड ने 1.76 मिलियन टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है, जो भारत में 3.37 मिलियन टन मैंगनीज अयस्क के कुल स्वदेशी उत्पादन का 52% है।

(ख) और (ग): मॉयल लिमिटेड आवासीय क्वार्टर, कैंटीन, अस्पताल/स्वास्थ्य देखभाल केंद्र जैसी कई कल्याणकारी सुविधाओं को बनाए रखकर और प्रचालनरत खदानों के निकटवर्ती क्षेत्रों में स्कूलों को सहायता प्रदान करके खान श्रमिकों के कल्याण और कार्य स्थितियों को सुनिश्चित करता है।

*****